2056. लघु उद्योगों की सहायता के लिए राजस्थान लघु उद्योग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RAJSICO) की स्थापना वर्ष ________ में हुई थी।

(a) 1955 (b) 1975
(c) 1965 (d) 1961

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (d) राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (RSIC) की स्थापना वर्ष 1961 में राजस्थान सरकार के उपक्रम के रूप में की गयी थी। वर्ष 1975 में इसे पब्लिक लिमिटेड कम्पनी का दर्जा दिया गया। यह राज्य में उत्पादित हस्ताशिल्प को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाता है।

2057. राजस्थान का कौन-सा शहर विश्व में रत्न बाजार के लिए प्रसिद्ध है?

(a) जयपुर (b) अजमेर
(c) अलवर (d) उदयपुर

Head cleark combind Exam -2018
स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (a) राजस्थान का जयपुर शहर विश्व में रत्न बाजार के लिए प्रसिद्ध है। जयपुर को आधुनिक शहरी योजनाकारों द्वारा सबसे नियोजित एवं व्यवस्थित शहरों में गिना जाता है। यहाँ के मुख्य उद्योगों में धातु, संगमरमर, वस्त्र-छपाई, हस्त- कला, रत्न एवं आभूषण का आयात निर्यात तथा पर्यटन आदि शामिल हैं।

2058. राजस्थान के किस जिले में टपूकड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित है?

(a) जयपुर (b) दौसा
(c) अजमेर (d) अलवर

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) टपूकड़ा औद्योगिक क्षेत्र राजस्थान के अलवर जिले में स्थित है। यह दिल्ली-मुम्बई इण्डस्ट्रीयल कॉरिडोर का एक हिस्सा है। यह औद्योगिक क्षेत्र 181.44 एकड़ में फैला हुआ है।

2059. जिरोही, भाकला, गंदहा किस उद्योग के नाम है-

(a) जटपट्टी (b) पेचवर्क
(c) मीनाकारी (d) ब्लू पॉटरी

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (a) जिरोही, भाकला तथा गंदहा, जटपट्टी नामक उद्योग से संबंधित है। ऊँट तथा बकरी की ऊन से बनी हुई एक मीटर चौड़ी तथा 20-25मीटर लम्बी पट्टीनुमा दरियां जटपट्टी कहलाती है। यह बाड़मेर और जालौर जिले के कई गांवों में जटपट्टी बुनी जाती है। यह कार्य लगभग 300 वर्षों से हो रहा है तथा इसे कुम्हारों के मारु नामक गोत्र के तथा जाटा मेघवाल लोग करते हैं।

2060. खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) अजमेर (b) बीकानेर
(c) अलवर (d) जयपुर

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (c) खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र अलवर जिले के तिजारा क्षेत्र में स्थित है। दिल्ली-मुम्बई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (DMIC) परियोजना भारत की सबसे महात्वाकांक्षी बुनियादी ढाँचा कार्यक्रम है। इसके तहत खुशखेड़ा - भिवाड़ी - नीमराना निवेश क्षेत्र को (KBNIR) विकसित किया जा रहा है।

2061. राजस्थान के किस उद्योग में सोडियम सल्फाइड का उपयोग कच्चे माल के रूप में किया जाता है?

(a) जूट उद्योग (b) सूती वस्त्र उद्योग
(c) चीनी उद्योग (d) चमड़ा उद्योग

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (d) राजस्थान के चमड़ा उद्योग वस्त्र उद्योग में सोडियम सल्फाइड का उपयोग कच्चे माल के रूप में होता है। राजस्थान में सर्वाधिक चमड़ा उत्पादन कोटा जिले में होता है। राजस्थान में चमड़ा उद्योग के प्रोत्साहन के लिए जयपुर के निकट मानपुरा माचेड़ी में लेदर कॉम्पलेक्स विकसित किया गया है।

2062. महाराजा श्री उम्मेद मिल्स लि. किस वर्ष स्थापित की गई थी?

(a) 1939 (b) 1971
(c) 1991 (d) 2001

LDC Exam 12.08.2018

Ans. (a) 1939 ई. में पाली में महाराजा उम्मेद सिंह मिल्स लिमिटेड की स्थापना की गई। यह राजस्थान की सबसे अधिक सूती वस्त्र उत्पादन करने वाली मिल है। भीलवाड़ा को राजस्थान का मैनचेस्टर कहा जाता है।

2063. राजस्थान के किस जिले में इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र स्थित है?

(a) झालावाड़ (b) कोटा
(c) बूंदी (d) चित्तौड़गढ़

LDC Exam 12.08.2018
RPSC/ RAS-1999-2000

Ans. (b) इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र राजस्थान के कोटा जिले में स्थित है। कोटा प्रारम्भ में बूंदी रियासत का ही एक भाग था। यहाँ हाड़ा चौहानों का शासन था।

2064. कौन से वृक्ष की पत्तियों का उपयोग 'बीड़ी' निर्माण में होता है?

(a) पलाश
(b) धोकड़ा
(c) तेन्दू
(d) सागवान

LDC Exam 09.09.2018

Ans. (c) तेन्दू पत्तियों का उपयोग बीड़ी निर्माण में होता है। तेन्दु पत्ता एक प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाला पौधा है। तेन्दू पत्ता मुख्यतया मध्यप्रदेश तथा उसकी सीमा से लगे हुए राज्यों बिहार, बंगाल, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश में पाये जाते हैं।

2065. निम्न में से राजस्थान के किस जिला औद्योगिक केंद्र में 31 मार्च 2017 को एक भी बड़े पैमाने पर उद्योग कार्यशील नहीं था?

(a) दौसा (b) जालौर
(c) प्रतापगढ़ (d) ये सभी

LDC Exam 09.09.2018

Ans. (d) 31 मार्च 2017 तक राजस्थान में उपर्युक्त दिये गये सभी जिला औद्योगिक केन्द्र में एक भी बड़े पैमाने पर उद्योग कार्यशील नहीं था।